प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**1910 शुक्रवार** **दिनांक 01.08.2025**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**
**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किश्त कल दो अगस्त को जारी की जाएगी—इस अवसर पर रायपुर में आयोजित किया जाएगा प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन।

2— रायपुर—जबलपुर के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन तीन अगस्त से शुरू होगी।

3— मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात कर एक नवंबर को रायपुर में आयोजित होने जा रहे ''अमृत रजत महोत्सव'' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

4— प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>पीएम किसान सम्मान निधि—राशि</u>**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किश्त कल दो अगस्त को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तरप्रदेश के वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत नौ करोड़ सत्तर लाख से अधिक किसानों को बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये जारी करेंगे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन राजधानी रायपुर में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में स्थित महात्मा गांधी उद्यानिकी और वानिकी सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित रहेंगे।

इस बीच, छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज कांकेर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कल प्रदेश के पच्चीस लाख सैंतालीस हजार किसानों को पांच सौ तिरपन करोड़ रूपए से अधिक की राशि प्रदान की जाएगी।

वहीं, कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**<u>केन्द्र—ट्रेन शुभारंभ</u>**

केन्द्र सरकार ने रेल सेवाओं के क्षेत्र में आज छत्तीसगढ़ को एक बड़ी सौगात दी है। रायपुर और जबलपुर के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन तीन अगस्त से शुरू हो जाएगी। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर दी।

रेल मंत्री ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में चवालीस हजार करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाएं प्रगति पर हैं। छत्तीसगढ़ के बत्तीस रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को एक नवंबर को रायपुर में आयोजित होने जा रहे ''अमृत रजत महोत्सव'' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को राज्य सरकार के अंजोर विजन के साथ ही विभिन्न योजनाओं और आदिवासी तथा नक्सल प्रभावित अंचलों में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में राज्य गठन की पच्चीसवीं वर्षगांठ अमृत रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाई जाएगी।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज संसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृहमंत्री को माओवादी उन्मूलन अभियानों की प्रगति से अवगत कराने के साथ ही आगे की रणनीति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने बताया कि विकास और सुरक्षा आधारित नीति ने जन विश्वास को मजबूती दी है।

## मुख्यमंत्री–केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री

मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से भी मुलाकात की। इस दौरान राज्य की जल परियोजनाओं, विशेषकर बस्तर क्षेत्र की बोधघाट बहुद्देशीय परियोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से बोधघाट परियोजना शीघ्र साकार होगी।

इस परियोजना से लगभग आठ लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## मुख्यमंत्री–नितिन गडकरी मुलाकात

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने केन्द्रीय सड़क निधि के तहत छत्तीसगढ़ को छह सौ करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में कई सड़कों के निर्माण और उन्नयन का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से नई दिल्ली में मुलाकात की। केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय ने स्टेट कैपिटल रीजन के अंतर्गत आने वाले दो लेन मार्ग को चार लेन में अपग्रेड करने की योजना को मंजूरी दी है। रायपुर शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए चार बड़े ब्रिज बनाए जाएंगे, जिनका भूमिपूजन शीघ्र ही होगा। वहीं, राजधानी रायपुर से अन्य ज़िलों तक की सड़कें दो लेन से चार लेन में बदली जाएंगी।

## मुख्यमंत्री–मनसुख मांडविया मुलाकात

बस्तर ओलंपिक को इस वर्ष से "खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स" के रूप में आयोजित किया जाएगा। कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान केंद्रीय श्रम और रोजगार, युवा कार्य तथा खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सहमति प्रदान की। यह निर्णय न केवल जनजातीय युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेल संस्कृति को भी वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाएगा।

मुख्यमंत्री ने रायपुर और बिलासपुर में दो सौ बीस–बेड के मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज खोलने का प्रस्ताव भी केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। इस पर केंद्रीय मंत्री श्री मांडविया ने कहा कि केंद्र सरकार शीघ्र ही इस प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेकर स्वीकृति की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी।

## उपराष्ट्रपति–चुनाव

निर्वाचन आयोग ने आज देश के उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव नौ सितंबर को होंगे और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त होगी। चुनाव की अधिसूचना इस महीने की सात तारीख को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की इक्कीस तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को होगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की पच्चीस तारीख होगी। मतगणना नौ सितंबर को की जाएगी।

## यूपीआई–नियम

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस–यूपीआई के नए नियम लागू कर दिए हैं। नए नियमों के अंतर्गत प्रत्येक लेनदेन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगा। प्रत्येक यूपीआई ऐप उपयोगकर्ताओं को दिन में पचास बार अपने बैंक खाते में जमा राशि देखने की सुविधा देगा।

## महतारी वंदन योजना

राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत आज अट्ठारहवीं किश्त की राशि का भुगतान कर दिया है। प्रदेश की उनहत्तर लाख से अधिक महिलाओं को छह सौ सैंतालीस करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई है।

## बस्तर–आकांक्षी जिला

रायपुर में कल दो अगस्त को आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय आकांक्षी जिला श्रेणी में बस्तर जिले को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड को आकांक्षी ब्लॉक श्रेणी में कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। दोनों ही पुरस्कार नीति आयोग द्वारा सम्पूर्णता अभियान के तहत निर्धारित छह प्रमुख सूचकांकों में शत–प्रतिशत क्रियान्वयन के आधार पर प्रदान किए जा रहे हैं।

## उपमुख्यमंत्री–स्वच्छता सम्मान

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिल्हा में अट्ठाईस स्वच्छता दीदियों, बीस सफाई मित्रों और दस स्वच्छता कमांडोज को सम्मानित किया। गौरतलब है कि इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में बिल्हा ने बीस हजार से कम जनसंख्या वाले शहरों में देश के सबसे साफ–सुथरे शहर का पुरस्कार हासिल किया है।

## तहसीलदार–हड़ताल

प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपनी सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर नवा रायपुर स्थित धरना स्थल तूता में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि यह अनिश्चितकालीन हड़ताल इकतीस जुलाई से जारी है।

इस बीच, तहसीलदारों की इस हड़ताल को छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन ने भी अपना समर्थन दिया है।

## नन मामला–सुनवाई

धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार दो ननों के मामले की सुनवाई आज बिलासपुर स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए के विशेष कोर्ट में की गई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। गिरफ्तार ननों की जमानत याचिका पर निर्णय कल लिया जाएगा।

गौरतलब है कि नारायणपुर जिले की तीन युवतियों को नर्स की ट्रेनिंग देने के बाद आगरा ले जाकर नौकरी लगाने का झांसा देने के आरोप में इन ननों को हाल ही में दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था।

## हाथी–मौत

कोरबा जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में एक नर हाथी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। हाथी का शव आज कुदमुरा और बैगामार के जंगलों के बीच पाया गया है। आशंका जताई जा रही है कि हाथी की मौत करंट लगने से हुई है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

## कुछ समाचार संक्षेप में ...

– भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने पार्टी की बलरामपुर–रामानुजगंज जिला इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू ने चालू शैक्षणिक सत्र में नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण की तिथि पन्द्रह अगस्त तक बढ़ा दी है।

– कोंडागांव जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस में केश शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन की कार और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में मोना सेन और बाइक सवार दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>